University in News on 07 November 2024

i-NEXT PAGE 4

रैंकिंग में फिजिक्स डिपार्टमेंट नंबर वन

एलयू ने जारी की साइंस डिपार्टमेंट के विभागों की अंतर्विभागीय रैंकिंग

LUCKNOW (6 NOV): लखनऊ विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने बुधवार को साइंस डिपार्टमेंट के विभागों की पहली अंतर्विभागीय रैंकिंग जारी कर दी है. इसमें भौतिक विज्ञान विभाग ने 34 मापदंडों में ओवरआल इंडेक्स के साथ पहली रैंक हासिल की है. दूसरे स्थान पर जंतु विज्ञान और तीसरे पर वनस्पति विज्ञान विभाग है.

कई मानकों पर परखा

रैंकिंग एक व्यापक मूल्यांकन ढांचे पर आधारित थी. जिसमें अनुसंधान उत्पादन, संकाय उपलब्धियां, छात्र प्रोफाइल एवं उनकी उपलब्धियां सहित कई 34 प्रदर्शन संकेतकों को शामिल किया गया. प्रत्येक विभाग का मूल्यांकन उसके वैज्ञानिक समुदाय में समग्र योगदान, शोध में प्रगति और छात्रों की सीखने की दक्षताओं पर प्रभाव के आधार पर किया गया. अनुसंधान प्रकाशन और अनुदान में जंतु विज्ञान विभाग को अधिक अंक मिले है.

प्रारूप जारी किया था

एलयू ने 25 सितंबर को रैंकिंग का प्रारूप जारी करके सभी विभागों को 18 अक्टूबर तक भरने का मौका दिया था. बुधवार को विज्ञान संकाय की पहली रैंकिंग के परिणाम जारी किए गए. इस अवसर पर विज्ञान संकाय के डीन प्रोफेसर विवेक सहाय, डीन रैंकिंग प्रोफेसर गीतांजलि मिश्रा और डायरेक्टर आइक्यूएसी सेल प्रोफेसर संगीता साहू मौजूद रहीं.रैंकिंग रिपोर्ट के अनुसार अनुसंधान प्रकाशन में जंतु विज्ञान विभाग ऊपर है. मात्रा सूचकांक गुणांक में 4.68 और गुणवत्ता गुणांक में संख्या 13.24 है. रसायन विज्ञान को इसमें क्रमश : 3.85 और 12.11 मिला है. सांख्यिकी विभाग मात्रा सूचकांक गुणांक में 5.00 और गुणवत्ता गुणांक में 10.10 है.

विभागवार मिली रैंक

विभाग	सूचनाकांक गुणांक	रैंक
भौतिक विज्ञान विभाग	223.97	पहली
जंतु विज्ञान विभाग	217.15	दूसरी
वनस्पति विज्ञान	178.63	तीसरी
गणित	175.33	चौथी
केमिस्ट्री	136.80	पांचवीं
स्टैटिस्टिक्स	131.03	छठी
बायोकेमिस्ट्री	60.44	सातवीं

अनुसंधान अनुदान में विभागों की स्थिति

विभाग	सूचकांक गुणांक	अनुदान मात्रा
जंतु विज्ञान	1.11	60.30
वनस्पति	0.61	54.39
रसायन विज्ञान	0.47	36.99
भौतिक	0.45	37.65
गणित	0.20	1.23
सांख्यिकी	0.30	2.69
बायोकेमिस्ट्री	0.88	16.44

"अंतर्विभागीय रैंकिंग अकादमिक गुणवत्ता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है. साथ ही विभागों को उत्कृष्टता के लिए लगातार प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करती है. यह रैंकिंग प्रत्येक विभाग की कमियों को अलग-अलग और सामूहिक रूप से पहचानने में मदद करती है. रैंकिंग भावी छात्रों, वर्तमान छात्रों और संकाय सदस्यों के लिए एक मूल्यवान संसाधन के रूप में काम करेगी.

प्रो. आलोक कुमार राय, वीसी, लखनऊ विश्वविद्यालय

HINDUSTAN PAGE 6

समर्थ पोर्टल से ही परीक्षा फार्म

LUCKNOW: लखनऊ विश्वविद्यालय में इस बार विषम सेमेस्टर परीक्षा के फार्म समर्थ पोर्टल से ही भरे जाएंगे. इसके लिए विश्वविद्यालय तेजी से स्टूडेंट्स की लागिन आईडी समर्थ पोर्टल पर बनाने में जुटा है. परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बुधवार तक स्नातक तीसरे व पांचवें सेमेस्टर के करीब दो लाख 10 हजार स्टूडेंट्स की लागिनआईडी बन गई. वहीं, फर्स्ट सेमेस्टर के स्टूडेंट्स का भी डेटा जल्द समर्थ पोर्टल पर भेजने की तैयारी है.

एलयू में अब समर्थ पोर्टल से भरे जाएंगे परीक्षा फॉर्म

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में विषम सेमेस्टर परीक्षा से समर्थ पोर्टल के जरिए ही छात्र-छात्राओं को परीक्षा फॉर्म भरना होगा। इसके लिए एलयू प्रशासन युद्ध स्तर पर लॉगिन आईडी बनाने का कार्य कर रहा है। इस संबंध में कुलसचिव की ओर से सभी संबद्ध कॉलेजों को पत्र भी जारी किया जा चुका है। जिसका परिणाम है कि अब तक दो लाख से ज्यादा विद्यार्थियों का समर्थ पोर्टल पर लॉगिन आईडी बनाने का कार्य पूरा हो चुका है।

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के मद्देनजर समर्थ पोर्टल पर छात्र-छात्राओं के लॉगिन आईडी बनाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

एलयू: रैंकिंग में भौतिक विज्ञान शीर्ष पर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय ने अंतर विभागीय रैंकिंग के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इसमें भौतिकी विभाग ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। जिसे कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बुधवार को जारी किया। विज्ञान संकाय के डीन प्रोफेसर विवेक सहाय, डीन रैंकिंग प्रो. गीतांजलि मिश्रा और निदेशक आईक्यूएसी सेल प्रो. संगीता साहू उपस्थित रहीं।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

साइंस फैकल्टी में फिजिक्स विभाग को मिला शीर्ष स्थान

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में संकाय स्तर पर शुरू की गई रैंकिंग प्रक्रिया के अंतर्गत मंगलवार को विज्ञान संकाय की रैंकिंग जारी कर दी गई। संकाय के नौ विभागों में से फिजिक्स को शीर्ष स्थान हासिल हुआ है। जबकि दूसरे स्थान पर जुलॉजी और तीसरे स्थान पर बॉटनी विभाग रहा।

लविवि ने शैक्षिक उत्कृष्टता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पहली बार संकाय स्तर पर विभागों की रैंकिंग शुरू की है। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि यह पहल विभिन्न विभागों की शैक्षिक, शोध और छात्र सहभागिता प्रयासों में उपलब्धियों को मान्यता देने के साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करती है।

लविवि ने आंतरिक स्तर पर पहली बार शुरू की रैंकिंग प्रक्रिया

विभाग	सूचकांक गुणांक	रैंक
भौतिकी	223.97	पहली
जूलॉजी	217.15	दूसरी
बॉटनी	178.63	तीसरी
गणित	175.33	चौथी
केमिस्ट्री	136.80	पांचवीं
सांख्यिकी	131.03	छठवीं
बायोकेमिस्ट्री	60.44	सातवीं

रैंकिंग में अनुसंधान, संकाय उपलब्धियां, छात्र उपलब्धियों को शामिल किया था। प्रत्येक विभाग का मूल्यांकन उसके वैज्ञानिक समुदाय में समग्र योगदान, शोध में प्रगति और छात्रों की सीखने की दक्षताओं पर प्रभाव के आधार पर किया गया। कुलपति प्रो. आलोक राय ने सभी को शुभकामनाएं दीं।

लविवि : एसीडीसी नामित हुए छह शिक्षक

लखनऊ। लविवि के छह शिक्षकों को एडिशनल डीन कॉलेज डवलपमेंट काउंसिल (एसीडीसी) नामित किया गया है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की मंजूरी के बाद कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने मंगलवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया। एसीडीसी बनने वाले शिक्षकों में डॉ. ज्ञान प्रकाश, प्रो. शीला श्रीवास्तव, प्रो. शिवाकांत पांडेय, डॉ. तिलकराज यादव, डॉ. प्रशांत सिंह व डॉ. सुधाकर प्रकाश शामिल हैं। (संवाद)

तीन शिक्षक एडिशनल व तीन बने असिस्टेंट डीन

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने तीन शिक्षकों को एडिशनल व तीन को असिस्टेंट डीन कालेज डेवलपमेंट काउंसिल (सीडीसी) नामित किया है। इनमें लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग से डा. ज्ञान प्रकाश, बैसवारा डिग्री कालेज रायबरेली की प्राचार्य प्रो. शीला श्रीवास्तव, वाइडी पीजी कालेज लखीमपुर खीरी से प्रो. शिवाकांत पांडेय को एडिशनल डीन सीडीसी व महाराणा प्रताप गवर्नमेंट पीजी कालेज हरदोई से डा. तिलक राज यादव, एफएए गवर्नमेंट पीजी कालेज महमूदाबाद सीतापुर से डा. प्रशांत सिंह व शिया पीजी कालेज के जूलाजी विभाग से डा. सुधाकर प्रकाश को असिस्टेंट डीन सीडीसी बनाया है। कुलपति के अनुमोदन के बाद कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने बुधवार को पत्र जारी किया।

विद्यार्थियों के अंकों में बदलाव : लवि ने एलएलबी, एलएलएम सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में चैलेंज मूल्यांकन के परिणाम जारी किए हैं। इनमें 46 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था, जिसमें 12 विद्यार्थियों के नए अंक जारी किए गए हैं।

JAGRAN CITY PAGE III

विज्ञान संकाय की रैंकिंग में भौतिक विज्ञान विभाग नंबर वन

लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी की विज्ञान संकाय के विभागों की अंतर्विभागीय रैंकिंग

जासं • लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बुधवार को विज्ञान संकाय के विभागों की पहली अंतर्विभागीय रैंकिंग जारी कर दी। इसमें भौतिक विज्ञान विभाग ने 34 मापदंडों में ओवरआल इंडेक्स के साथ पहली रैंक हासिल की है। दूसरे स्थान पर जंतु विज्ञान और तीसरे पर वनस्पति विज्ञान विभाग है।

यह रैंकिंग एक व्यापक मूल्यांकन ढांचे पर आधारित थी, जिसमें अनुसंधान उत्पादन, संकाय उपलब्धियां, छात्र प्रोफाइल एवं उनकी उपलब्धियां सहित कई 34 प्रदर्शन संकेतकों को शामिल किया गया। प्रत्येक विभाग का मूल्यांकन उसके वैज्ञानिक समुदाय में समग्र योगदान, शोध में प्रगति और छात्रों को सीखने की दक्षताओं पर प्रभाव के आधार पर किया गया। अनुसंधान प्रकाशन और अनुदान में जंतु विज्ञान विभाग को अधिक अंक मिले हैं। लवि ने 25 सितंबर को रैंकिंग का प्रारूप जारी करके सभी विभागों को 18 अक्टूबर तक भरने का मौका दिया था। बुधवार को विज्ञान संकाय की पहली रैंकिंग के परिणाम जारी किए गए।

विज्ञान संकाय के विभागों की पहली अंतरविभागीय रैंकिंग जारी करते लवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय। इस अवसर पर संकाय के डीन प्रो. विवेक सहाय और डीन रैंकिंग प्रोफेसर गीतांजलि मिश्रा भी मौजूद रहीं • लवि

क्यूएस साउथर्न एशिया रैंकिंग में लवि को 240वीं रैंक

जासं • लखनऊ : क्यूएस (क्वाक्वरैली साइमंड्स) एशिया रैंकिंग्स 2025 के परिणाम में लवि ने अपनी जगह बनाए रखी। अकादमिक और अनुसंधान की वजह से लवि क्यूएस एशिया रैंकिंग्स-2025 में पूर्व की भांति 751-800 बैंड में बने रहने सफल रहा। हालांकि साउथर्न एशिया रैंकिंग 2025 में 240 वीं रैंक मिली है। पिछले साल 238वीं रैंक थी। लवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बताया कि एशिया रैंकिंग में 751-800 बैंड और साउथर्न एशिया रैंकिंग में 240 रैंक प्राप्त हुई है। रैंकिंग रिपोर्ट के अनुसार लखनऊ विश्वविद्यालय के साइटेशन प्रति पेपर में 9.3 प्वाइंट और शैक्षणिक प्रतिष्ठा में 17.8 प्वाइंट मिले हैं। पेपर पब्लिकेशन प्रति फैकल्टी में 20.3 प्वाइंट का बेहतर योगदान रहा। वहीं, अंतरराष्ट्रीय छात्रों की बढ़ती संख्या के चलते 45.4 प्वाइंट मिले। गौरतलब है कि इस वर्ष क्यूएस एशिया रैंकिंग्स में शामिल 984 एशियाई उच्च शिक्षण संस्थान में से 163 संस्थान भारत के हैं, जिनमें से 14 उत्तर प्रदेश से हैं।

विभागवार मिली रैंक

विभाग	कुल सूचनाकांक गुणांक	रैंक
भौतिक विज्ञान	223.97	पहली
जंतु विज्ञान	217.15	दूसरी
वनस्पति	178.63	तीसरी
गणित	175.33	चौथी
केमिस्ट्री	136.80	पांचवी
स्टैटिस्टिक्स	131.03	छठी
बायोकेमिस्ट्री	60.44	सातवीं

अनुसंधान अनुदान की स्थिति

विभाग	मात्रा	अनुदान
जंतु विज्ञान	1.11	60.30
वनस्पति	0.61	54.39
रसायन विज्ञान	0.47	36.99
भौतिकी	0.45	37.65
गणित	0.20	1.23
सांख्यिकी	0.30	2.69
बायोकेमिस्ट्री	0.88	16.44

"अंतर्विभागीय रैंकिंग अकादमिक गुणवत्ता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। साथ ही विभागों को उत्कृष्टता के लिए लगातार प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह रैंकिंग प्रत्येक विभाग की कमियों को अलग-अलग और सामूहिक रूप से पहचानने में मदद करती है। रैंकिंग भावी छात्रों, वर्तमान छात्रों और संकाय सदस्यों के लिए एक मूल्यवान संसाधन के रूप में काम करेगी। -प्रो. आलोक कुमार राय, कुलपति, लवि

अनुसंधान प्रकाशन में जंतु विज्ञान विभाग से ऊपर

रैंकिंग रिपोर्ट के अनुसार अनुसंधान प्रकाशन में जंतु विज्ञान विभाग ऊपर है। मात्रा सूचकांक गुणांक में 4.68 और गुणवत्ता गुणांक में संख्या 13.24 है। रसायन विज्ञान को इसमें क्रमश : 3.85 और 12.11 मिला है। सांख्यिकी विभाग मात्रा सूचकांक गुणांक में 5.00 और गुणवत्ता गुणांक में 10.10 है।

परीक्षा फार्म : लवि में इस बार विषम सेमेस्टर परीक्षा के फार्म समर्थ पोर्टल से ही भरे जाएंगे। इसके लिए लवि तेजी से छात्र-छात्राओं की लागिन आइडी समर्थ पोर्टल पर बनाने में जुटा है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बुधवार तक स्नातक तीसरे व पांचवें सेमेस्टर के दो लाख 10 हजार विद्यार्थियों की लागिन आइडी बन गई।

THE PIONEER PAGE 4

LU rankings

Lucknow (PNS): In a significant step toward fostering academic excellence and transparency, the Lucknow University announced the results of its first-ever interdepartmental rankings for science departments. This initiative aims to recognize the achievements of various departments in areas such as research, academic performance, and student engagement, while encouraging healthy competition among faculties.The rankings were based on a comprehensive evaluation framework, considering multiple performance indicators, including research output, faculty achievements, student profiles, student successes, and extension activities. Departments were assessed on overall contributions to scientific community, advancements in research, and impact.

AMRIT VICHAR PAGE 4

लविवि में ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में प्रवेश को करें आवेदन

6 नए कोर्स किए गए शुरू, 250 रुपये आवेदन शुल्क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 में ऑफलाइन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने में जो भी छात्र चूक गए थे उनको प्रवेश का एक और मौका मिला दिया गया है। अब विश्वविद्यालय के ऑनलाइन कोर्सेज में दाखिला लेकर छात्र अपना वर्ष बचा सकते हैं। विश्वविद्यालय की ओर से ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में आवेदन के लिए फार्म जारी कर दिया गया है। छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं, जिसकी अंतिम तिथि 15 नवंबर निर्धारित किया गया है। इसके लिए छात्रों को आवेदन शुल्क ढाई सौ रुपए जमा करना होगा।

विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ ऑनलाइन एंड डिस्टेंस एजुकेशन के निदेशक प्रोफेसर पीयूष भार्गव ने बताया कि विश्वविद्यालय में बीकॉम और एमकॉम पाठ्यक्रम पहले से संचालित हो रहा है। इस साल 6 नए पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। जिसमें बीबीए और अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान और अर्थशास्त्र में एमए शामिल है। स्नातक पाठ्यक्रम तीन साल के हैं जबकि परास्नातक पाठ्यक्रम दो साल के होंगे। दोनों ही पाठ्यक्रम में सेमेस्टर परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। इन पाठ्यक्रमों की खास बात यह है कि इसमें सीटों की कोई बाध्यता नहीं है। यदि पाठ्यक्रम में प्रवेश की निर्धारित अर्हता छात्र पूरी करते हैं तो उनका दाखिला सुनिश्चित होगा।

कॉलेजों के शिक्षकों को बनाया गया असिस्टेंट डीन

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आलोक कुमार राय ने विभिन्न कॉलेजों में कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल का अतिरिक्त और सहायक डीन की नियुक्ति की है। कॉमर्स विभाग के डॉ. ज्ञानप्रकाश को अतिरिक्त डीन, बैसवारा डिग्री कॉलेज रायबरेली की प्रो. शीला श्रीवास्तव को अतिरिक्त डीन, प्रो. शिवाकांत पाण्डेय को वाईडीपीजी कॉलेज लखीमपुर का अतिरिक्त डीन, डॉ. तिलकराज यादव एमपी पीजी कॉलेज हरदोई को सहायक डीन, डॉ. प्रशांत सिंह एफएए कॉलेज सीतापुर को सहायक डीन और शिया पीजी कॉलेज लखनऊ के डॉ. सुधाकर प्रकाश को सहायक डीन बनाया गया है। कुलपति ने सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए अपनी जिम्मेदारियों को कुशलता से निर्वहन करने की अपेक्षा की है।

5000 रुपये बीकॉन की फीस

अमृत विचार : आवेदन के बाद प्रमाण पत्रों का वेरिफिकेशन की प्रक्रिया शुरू होगी। लखनऊ विश्वविद्यालय के ऑनलाइन बोर्ड में बीकॉम की फीस 5000 रुपए तय की गई है, जबकि पोस्ट ग्रेजुएट के सभी पाठ्यक्रमों की फीस 8000 रुपए है। प्रोफेशनल कोर्स बीबीए की फीस 15000 रुपया निर्धारित किया गया है। ऑफलाइन कोर्स की तुलना में ऑनलाइन की फीस आधी से भी काम है। सभी छात्रों को स्टडी मैटेरियल से लेकर क्लासेस तक ऑनलाइन मुहैया कराई जाएगी। असाइनमेंट भी छात्रों को ऑनलाइन ही जमा करना होगा, सिर्फ परीक्षा देने के लिए कैंपस आना होगा।

लविवि के अंतर विभागीय रैंकिंग में भौतिकी विभाग प्रथम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय ने छात्रों और शिक्षकों में वैज्ञानिक गतिविधियों और शोध को बढ़ावा देने के लिए अनूठी पहल किया है। विभिन्न विज्ञान संकायों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए रैंकिंग जारी की है। इसमें भौतिकी विज्ञान विभाग अव्वल और जैव रसायन विभाग अंतिम पायदान पर रहा। परिणाम को कुलपति डॉ. आलोक कुमार राय और डीन एकेडमिक डॉ. गीतांजली मिश्र ने जारी किया।

विभागों को प्रमाण पत्र दिए गए। अंतर विभागीय रैंकिंग में छात्र प्रोफाईल, शोध में प्रगति, विज्ञान में समग्र योगदान जैसे बिंदुओं को संकेतक बनाया गया है। इन संकेतकों को 34 मात्रात्मक और गुणात्मक मापदंडों पर परखा गया है। रैंकिंग में जीवविज्ञान दूसरे स्थान पर, वनस्पति विज्ञान तीसरे, गणित चौथे, रसायन विज्ञान विभाग पांचवें स्थान पर, सांख्यिकी छठें और जैव रसायन विभाग सातवें स्थान पर रहा है।

रैंकिंग प्रमाण पत्र देते विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आलोक राय और डीन एकेडमिक डॉ. गीतांजली मिश्रा।

कुल सूचकांक गुणांक

भौतिकी	223.97
जीवविज्ञान	217.15
वनस्पति विज्ञान	178.63
गणित	175.33
रसायन विज्ञान	136.80
सांख्यिकी	131.03
जैवरसायन	60.44

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

लविवि : विज्ञान विभागों की अंतर-विभागीय रैंकिंग के परिणाम घोषित

भौतिकी विभाग अव्वल, जूलॉजी को दूसरा व बॉटनी को तीसरा स्थान

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। शैक्षिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और पारदर्शिता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से लखनऊ विश्वविद्यालय ने गर्व से विज्ञान विभागों की अपनी पहली अंतर-विभागीय रैंकिंग के परिणामों की घोषणा की। यह पहल विभिन्न विभागों की शैक्षिक, शोध और छात्र सहभागिता प्रयासों में उपलब्धियों को मान्यता देने के साथ-साथ संकायों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करती है। रैंकिंग एक व्यापक मूल्यांकन ढांचे पर आधारित थी, जिसमें अनुसंधान उत्पादन, संकाय उपलब्धियां, छात्र प्रोफाइल, छात्र उपलब्धियां और विस्तार गतिविधियों जैसे कई प्रदर्शन संकेतकों को शामिल किया गया। प्रत्येक विभाग का मूल्यांकन उसके वैज्ञानिक समुदाय में समग्र योगदान, शोध में प्रगति और छात्रों की सीखने की दक्षताओं पर प्रभाव के आधार पर किया गया। जानकारी को 34 मात्रात्मक और गुणात्मक मापदंडों के विस्तृत प्रारूप में एकत्रित किया गया। इस रैंकिंग में शीर्ष स्थान भौतिकी विज्ञान विभाग को प्राप्त हुआ। इसके बाद क्रमशः जूलॉजी, बॉटनी, गणित, रसायन विज्ञान, सांख्यिकी और जैव रसायन विभाग का स्थान रहा। उक्त रैंकिंग को लविवि के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने जारी किया। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के डीन प्रो.विवेक सहाय, डीन रैंकिंग प्रो.गीतांजलि मिश्रा और डायरेक्टर आईक्यू एसी सेल प्रो.संगीता साहू उपस्थित थे। इस पहल के बारे में बात करते हुए कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने कहा, हमारी अंतरविभागीय रैंकिंग अकादमिक गुणवत्ता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है और हमारे विभागों को उत्कृष्टता के लिए लगातार प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह प्रणाली न केवल उपलब्धियों पर प्रकाश डालती है,बल्कि विभागों के लिए और भी बड़ी सफलता की आकांक्षा के लिए एक मानदंड भी स्थापित करती है। ये रैंकिंग हमें प्रत्येक विभाग की कमियों को अलग-अलग और सामूहिक रूप से पहचानने में मदद करती है और हमारी वर्तमान ताकत को बनाये रखते हुए उन क्षेत्रों में हमारे प्रयासों को निर्देशित करने में मदद करती है। ये रैंकिंग भावी छात्रों, वर्तमान छात्रों और संकाय सदस्यों के लिए एक मूल्यवान संसाधन के रूप में काम करेगी, जो प्रत्येक विभाग की अद्वितीय शक्तियों के बारे में जानकारी देगी। इसके अतिरिक्त, यह पहल विश्वविद्यालय के व्यापक उद्देश्यों के अनुरूप है, जिसमें शिक्षा और अनुसंधान में उच्च मानकों को बनाए रखना और रैंकिंग्स का लक्ष्य हासिल करना शामिल है। लविवि सभी विभागों को उनके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए बधाई देता है। ऐसी पहलों के माध्यम से विश्वविद्यालय विज्ञान में अकादमिक विशिष्टता और नवाचार के अपने मिशन के लिए प्रतिबद्ध है।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 4

लखनऊ विश्वविद्यालय का भौतिकी विभाग आया अव्वल

लविवि ने विज्ञान विभागों की अंतर्विभागीय रैंकिंग के परिणाम किये घोषित

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। शैक्षिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और पारदर्शिता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से लखनऊ विश्वविद्यालय ने विज्ञान विभागों की अपनी पहली अंतर-विभागीय रैंकिंग के परिणामों की घोषणा बुधवार को किया। यह पहल विभिन्न विभागों की शैक्षिक, शोध और छात्र सहभागिता प्रयासों में उपलब्धियों को मान्यता देने के साथ-साथ संकायों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करती है।

रैंकिंग एक व्यापक मूल्यांकन ढांचे पर आधारित थी, जिसमें अनुसंधान उत्पादन, संकाय उपलब्धियां, छात्र प्रोफाइल, छात्र उपलब्धियां, और विस्तार गतिविधियों जैसे कई प्रदर्शन संकेतकों को शामिल किया गया। प्रत्येक विभाग का मूल्यांकन उसके वैज्ञानिक समुदाय में समग्र योगदान, शोध में प्रगति और छात्रों की सीखने की दक्षताओं पर प्रभाव के आधार पर किया गया। जानकारी को 34 मात्रात्मक और गुणात्मक मापदंडों के विस्तृत प्रारूप में एकत्रित किया गया।

इस रैंकिंग में शीर्ष स्थान भौतिकी विज्ञान विभाग को प्राप्त हुआ, इसके बाद क्रमशः जूलॉजी, बॉटनी, गणित, रसायन विज्ञान, सांख्यिकी और जैव रसायन विभाग का स्थान रहा। इस रैंकिंग को माननीय कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने जारी किया। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के डीन प्रोफेसर विवेक सहाय, डीन रैंकिंग प्रोफेसर गीतांजलि मिश्रा और डायरेक्टर आई क्यू ए सी सेल प्रोफेसर संगीता साहू उपस्थित थे। इस पहल के बारे में बात करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि हमारी अंतरविभागीय रैंकिंग अकादमिक गुणवत्ता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है और हमारे विभागों को उत्कृष्टता के लिए लगातार प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह प्रणाली न केवल उपलब्धियों पर प्रकाश डालती है बल्कि विभागों के लिए और भी बड़ी सफलता की आकांक्षा के लिए एक मानदंड भी स्थापित करती है। ये रैंकिंग हमें प्रत्येक विभाग की कमियों को अलग-अलग और सामूहिक रूप से पहचानने में मदद करती है और हमारी वर्तमान ताकत को बनाये रखते हुए उन क्षेत्रों में हमारे प्रयासों को निर्देशित करने में मदद करती है। ये रैंकिंग भावी छात्रों, वर्तमान छात्रों और संकाय सदस्यों के लिए एक मूल्यवान संसाधन के रूप में काम करेगी, जो प्रत्येक विभाग की अद्वितीय शक्तियों के बारे में जानकारी देगी। इसके अतिरिक्त, यह पहल विश्वविद्यालय के व्यापक उद्देश्यों के अनुरूप है, जिसमें शिक्षा और अनुसंधान में उच्च मानकों को बनाए रखना और रैंकिंग्स का लक्ष्य हासिल करना शामिल है। लखनऊ विश्वविद्यालय सभी विभागों को उनके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए बधाई देता है। ऐसी पहलों के माध्यम से, विश्वविद्यालय विज्ञान में अकादमिक विशिष्टता और नवाचार के अपने मिशन के लिए प्रतिबद्ध है।

LOKSATYA PAGE 2

अंतर-विभागीय रैंकिंग में एलयू के भौतिकी विभाग को मिला शीर्ष स्थान

गणित, रसायन विज्ञान, सांख्यिकी और जैव रसायन रहा अव्वल

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ विश्वविद्यालय ने विज्ञान विभागों की अंतर-विभागीय रैंकिंग के परिणाम किए घोषित : भौतिकी विभाग शीर्ष पर शैक्षिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और पारदर्शिता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से, लखनऊ विश्वविद्यालय ने गर्व से विज्ञान विभागों की अपनी पहली अंतर-विभागीय रैंकिंग के परिणामों की घोषणा की। यह पहल विभिन्न विभागों की शैक्षिक, शोध और छात्र सहभागिता प्रयासों में उपलब्धियों को मान्यता देने के साथ-साथ संकायों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करती है। रैंकिंग एक व्यापक मूल्यांकन ढांचे पर आधारित थी।

इस रैंकिंग में शीर्ष स्थान भौतिकी विज्ञान विभाग को प्राप्त हुआ, इसके बाद क्रमशः जूलॉजी, बॉटनी, गणित, रसायन विज्ञान, सांख्यिकी और जैव रसायन विभाग का स्थान रहा। इस रैंकिंग को कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने जारी किया। विज्ञान संकाय के डीन प्रो विवेक सहाय, डीन रैंकिंग प्रोफेसर गीतांजलि मिश्रा और डायरेक्टर आई क्यूएसी सेल प्रोफेसर संगीता साहू उपस्थित थे। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा, "हमारी अंतरविभागीय रैंकिंग अकादमिक गुणवत्ता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है और हमारे विभागों को उत्कृष्टता के लिए लगातार प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह प्रणाली न केवल उपलब्धियों पर प्रकाश डालती है।

TOI PAGE 2

Physics dept is No. 1 science faculty at LU

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Lucknow University's physics department clinched the first rank among 10 departments in the science faculty in the departmental ranking announced on Wednesday.

The rankings were decided on the overall academic performance of the departments.

The physics department scored the highest with 223.97 points.

The rankings were developed based on a comprehensive evaluation framework that considered multiple performance indicators, including research output, faculty achievements, student profile, student achievements, and extension activities.

Each department was assessed on its overall contributions to the scientific community, advancements in research, and impact on student learning competencies. The information was collected in a detailed format of 34 quantitative and qualitative parameters," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

He said after physics, the second position is held by the zoology department with 217.15 points, followed by botany (178.63), mathematics (175.33), chemistry (136.80), statistics (131.03), and biochemistry with 60.44 points.

DEPARTMENTAL RANKING

Srivastava said that the physics department excelled as it scored highest in the workshops, seminars, and conferences criteria with 51.13 points, 37.65 in the research grant category, 1.79 in other publications, and 11.65 in research publications.

"Our inter-departmental rankings reflect our commitment to academic quality and encourage our departments to constantly strive for excellence. This system not only highlights the achievements but also sets a benchmark for departments to aspire for even greater success," said vice chancellor Prof Alok Rai.

He said these rankings help us identify the shortcomings of each department and help in making improvements.